समाचार

तीर्थ यात्रियों को परिचय पत्र प्रदान किया महापौर ने

(हरिद्वार, ऋषिकेश, भारतमाता मंदिर के यात्रा पर जाएंगे तीर्थयात्री)

कोरबा 25 मार्च 2016—महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत यात्रा करने वाले तीर्थ यात्रियों को परिचय पत्र प्रदान किया। उन्होंने तीर्थ यात्रियों को कुशलतापूर्वक यात्रा पूर्ण करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। यह तीर्थयात्रा 26 मार्च को प्रातः 10.00बजे रेल्वे स्टेशन कोरबा से रवाना होगी।

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के 99 वरिष्ठ नागरिक एवं सहायक हरिद्वार, ऋषिकेश, भारतमाता मंदिर की यात्रा पर जाएंगे। यह यात्रा 26मार्च को प्रातः 10.00 बजे रेल्वे स्टेशन कोरबा से रवाना होगी तथा विशेष ट्रेन यात्रियों को लेकर तीर्थयात्रा के लिए निकलेगी। आज निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत परिसर में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन तीर्थ यात्रियों को परिचय पत्र प्रदान किए। उन्होंने यात्रा पर जाने वाले परिष्ट नागरिकों को सकुशल यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनकी सकुशल वापसी की कामना की। यात्रा की वापसी 30 मार्च को होगी। निगम के 3 नोडल अधिकारी यात्रियों के साथ यात्रा पर जाएंगे। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने इन नोडल अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि वे यात्रा के दौरान यात्रा पर जाने वाले इन वरिष्ट नागरिकों का विशेष ध्यान रखें तथा यह देखें कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इस अवसर पर समाजसेविका मंगल बुधिया, समाजकल्याण अधिकारी डॉ. शिरीन लाखे, चंद्रकांत यादव, गंगाप्रसाद तिवारी, द्ववास राम साहू, रामखिलावन साहू आदि के साथ तीर्थयात्रीगण एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।